**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

## सामान्य / ग्रामीण खुदरा प्रतिष्ठान (पेट्रोल पंप) डीलरशिप की नियुक्ति हेतु सूचना

**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ओडिशा** राज्य में विभिन्न स्थानों पर खुदरा प्रतिष्ठान (पेट्रोल पंप) डीलर नियुक्त करने हेतु प्रस्ताव देता है।

विस्तृत विज्ञापन एवं विवरणिका वेबसाइट **www.petrolpumpdealerchayan.in** पर उपलब्ध है।

आरओ डीलरशिप के लिए आवेदन, गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क, जैसा भी लागू हो, के ऑनलाइन भुगतान के साथ, दिनांक **27/09/2023** तक ऑनलाइन जमा हो जाना चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन को जमा करने की सुविधा उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि के बाद तुरंत वापस ले ली जाएगी।

**आवेदकों को अपना आवेदन जमा करने से पहले अपने स्वयं के हित में, "विवरणिका" को सावधानीपूर्वक पढ़ लेना चाहिए और चयन की शर्तों को समझ लेना चाहिए।**

कॉर्पोरेशन कोई कारण बताए बिना अपने समय विवेकाधिकार पर इस विज्ञापन को निरस्त / वापस / संशोधित करने, या नियत तिथि को विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

अंग्रेजी समाचार–पत्रों के समक्ष स्थानीय भाषी अखबारों में प्रकाशित विज्ञापन में कोई विसंगति होने की स्थिति में, अंग्रेजी समाचार–पत्रों में उल्लेखित निर्देश / सूचना मान्य होगी।

**शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट www.petrolpumpdealerchayan.in पर ही प्रकाशित होगा।**

विवरणिका को खरीदने या इस विज्ञापन के बारे में किसी जानकारी के लिए प्रत्याशी निम्नांकित पते पर संपर्क कर सकते हैं:

| क्षेत्र | जिला | पता | संपर्क क्र. |
|---|---|---|---|
| भुवनेश्वर | अनुगुल, जाजपुर, बालेश्वर, भद्रक, कटक, ढेंकानाल, गजपति, गंजाम, जगतसिंगपुर, कंधमाल, केन्द्रापड़ा, खोरधा, कोरापुट, मलकानगिरी, नयागड, पुरी, रायगड़ा | प्रादेशिक प्रबन्धक (रीटेल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड., 5वा माला, एनबीसीसी एम्पेरीया कमर्शिएल कॉम्पलेक्स, टॉवर 1, न्यू गर्वमेन्ट कॉलनी, प्रेस चौक, चंद्रसेखरपुर, भुवनेश्वर 751017 | 0674-3512900 / 0674-3512907 |
| सम्बलपुर | बरगड़, बलांगीर, बौद्ध, देवघर, झारसुगुड़ा, कालाहाण्डी, केओन्झर, मयूरभंज, नवरंगपुर, नौपाडा, सम्बलपुर, सोनेपुर, सुन्दरगढ | प्रादेशिक प्रबन्धक (रीटेल), सम्बलपुर, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इन्कम टॅक्स ऑफिस से बगल में, भगवती कॉम्पलेक्स, एनएच–6, एनथापली, सम्बलपुर 768004 | 8093122883 / 8093122884 |

Energising Lives Energising Naya Bharat


जांच के सिलसिले में एक सेवानिवृत्त फोर स्टार जनरल की पोती और एक सेवानिवृत्त **जनरल के दामाद को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, एक सेवानिवृत्त थ्री–स्टार जनरल की पत्नी** और एक सेवानिवृत्त टू–स्टार जनरल की पत्नी और दामाद भी जांच के दायरे में हैं। जैसा कि इंडिया नैरेटिव ने पहले बताया था, एक कोर कमांडर, दो मेजर जनरल और अन्य सहित 124 से अधिक सेवारत सैन्य अधिकारी **पूछताछ और परीक्षणों का सामना कर रहे हैं। कुछ अन्य बड़े लोग जो विद्रोह में सक्रिय रूप से शामिल थे, उनमें पूर्व** जनरल स्टाफ प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अजहर अब्बास शामिल हैं। इसके अलावा, इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) मके दो पूर्व प्रमुखों, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) शुजा पाशा, **लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहीरुल इस्लाम को विद्रोह को आगे बढ़ाने वाले प्रमुख लोगों में सूचीबद्ध** किया जा रहा है।



नयी दिल्ली : **पिछले हफ्ते पटना में विपक्ष की बैठक** में, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कुछ दूरी पर बैठे देखा गया था। हालांकि, जब ममता बनर्जी बाहर निकल रही थीं तब **दोनों नेताओं के बीच शब्दों का आदान–प्रदान जरूर हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ अब** तक जो योजना बनाई गई है उसमें हर सीट पर मुकाबला "वन टू वन" रखने पर जोर है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के मुताबिक शिमला में अगली बैठक में चीजें आकार लेंगी। टीएमसी के अनुसार, **बंगाल में जमीनी स्थिति यह है कि विभिन्न स्थानों पर, कांग्रेस, भाजपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी** (मार्क्सवादी) (सीपीआईएम) ममता बनर्जी की पार्टी के खिलाफ हाथ से हाथ मिला रही हैं। टीएमसी और कांग्रेस के बीच "दुश्मनी" से साफ है कि कोई "समझौता" नहीं हो सकता। पंचायत चुनाव प्रचार सभा में बनर्जी ने **कहा, "हम दिल्ली में "महाजोत" बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यहां कांग्रेस, सीपीआईएम** और बीजेपी ने मेरे पीछे "महाघोटाला" बना दिया है। मैं उनका "महाघोटाला" तोड़ दूंगी। इस टिप्पणी से साबित होता है कि केंद्र में तो गठबंधन हो सकता है, लेकिन बंगाल में टीएमसी कांग्रेस को एक इंच भी जगह नहीं **देगी।इस बीच टीएमसी के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष ने बीजेपी–कांग्रेस का एक** पोस्टर ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि "क्या आप इसे देख सकते हैं मल्लिकार्जुन खड़गे? यह बंगाल में आपकी पार्टी की लड़ाई की रणनीति है। वे एनडीए भागीदार के रूप में व्यवहार कर रहे हैं। टीएमसी बीजेपी के खिलाफ लड़ रही है और आपकी पार्टी बीजेपी को ऑक्सीजन देने की कोशिश कर रही है। पहले आप निर्णय लें **कि आपका दुश्मन कौन है? इस तरह की राजनीति ने कांग्रेस को शून्य कर दिया है।'**

दूसरी ओर, कांग्रेस नेता अधीर चौधरी ने टीएमसी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, "नीतीश जी ने हमें बुलाया, ममता जी ने राहुल जी से पूछा कि वह कैसे हैं, उन्होंने जवाब दिया बस...ममता वहां जाने के **लिए बाध्य हैं, यह मजबूरी है। कांग्रेस हमेशा बीजेपी के खिलाफ लड़ती है। कुछ दिन पहले ममता जी ने** राहुल जी के बारे में बुरी बातें कही थीं। उन्होंने भारत जोड़ो पर कुछ नहीं कहा...।" अधीर चौधरी टीएमसी पर जबरदस्त तरीके से हमलावर हैं। वह टीएमसी को चोर पार्टी तक बता चुके हैं।

# यूसीसी पर पीएम के बयान को लेकर भड़के ओवैसी

नयी दिल्ली : **समान नागरिक संहिता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बात क्या कर दी, देश की राजनीति गर्म हो** गई है। विपक्षी दल के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हो रहे हैं। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल खड़े किए हैं और कहा कि इस्लाम में शादी एक कॉन्ट्रैक्ट है, हिंदुओं में जन्म–जन्म का साथ है। मोदी ने यूसीसी का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष सियासी फायदे के लिए इसका इस्तेमाल कर रहा है।असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत की विविधता **और इसके बहुलवाद को एक समस्या मानते हैं। तो, वह ऐसी बातें कहते हैं.. क्या आप यूसीसी के नाम पर देश की बहुलता और विविधता को छीन लेंगे? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब वह यूसीसी की** बात करते हैं, तो वह हिंदू नागरिक संहिता की बात कर रहे होते हैं.. मैं उन्हें चुनौती देता हूं – क्या वह हिंदू अविभाजित परिवार को खत्म कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि जाओ और पंजाब के सिखों को यूसीसी के बारे में बताओ, देखो वहां क्या प्रतिक्रिया होगी। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह समझने की जरूरत है कि अनुच्छेद 29 एक मौलिक अधिकार है,



मुझे लगता है प्रधानमंत्री को यह समझ नहीं आया। संविधान में धर्मनिरपेक्षता की बात है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में शादी एक कॉन्ट्रैक्ट है, हिंदुओं में जन्म–जन्म का साथ है। क्या आप सबको मिला देंगे? भारत की विविधता को वे एक समस्या समझते हैं। तीन तलाक को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत क्यों है? उन्हें अपनी सोच का सॉफ्टवेयर बदलना **चाहिए। भारत के मुसलमान को पाकिस्तान, मिस्र से क्या करना है? आप क्या उन्हें बड़ा और हमें कम समझ रहे हैं क्या? यह तो देश विरोधी बात है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीन** तलाक कानून बनाने के बाद भी आप क्यों रो रहे हैं। मोदी ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के नाम पर लोगों को भड़काने का काम हो रहा है। देश दो कानूनों पर कैसे चल सकता है? भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है..सुप्रीम कोर्ट ने बार–बार कहा है कि समान नागरिक संहिता(यूसीसी) लाओ लेकिन ये वोट बैंक के भूखे लोग हैं। उन्होंने कहा कि जो भी **तीन तलाक के पक्ष में बात करते हैं ये लोग मुस्लिम बेटियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं। तीन तलाक से सिर्फ बेटियों का नुकसान नहीं होता है बल्कि इससे पूरा परिवार तबाह हो जाता है। मैं समझता हूं कि मुसलमान बेटियों पर** तीन तलाक का फंदा लटका कर कुछ लोग उन पर हमेशा अत्याचार करने की खुली छूट चाहते हैं।

jadhav raviraj
Digitally signed by jadhav raviraj
Date: 2023.06.28 10:32:39 +05'30'